उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 338/गोपन/2023-24

दिनांक /Date.: 07 फरवरी 2024

संवाद

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 49/उ०अ०से०च०आ०/2023 दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 में विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय अर्हता के पद विज्ञापित किये गये है, जिसके अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पद भी विज्ञापित किये है।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 31 दिसंबर, 2023 को संचालित की जा चुकी है एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पदों के लिए शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा भी संचालित की जानी है।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि ऐसे अभ्यर्थी जो लिखित प्रतियोगी परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम प्राप्तांक प्राप्त कर अर्ह रहे है एवं जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में भी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पदों के लिए आवेदन किया गया है ऐसे अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 19 फरवरी, 2024 से प्रारंभ की जानी प्रस्तावित है। अभ्यर्थी इस शारीरिक परीक्षण के प्रवेश पत्र दिनांक 14 फरवरी, 2024 से आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि आयोग के विज्ञापन संख्या–53/उ०अ०से०च०आ०/2024 दिनांक 18 जनवरी, 2024 में विज्ञापित व्यायाम प्रशिक्षक के पदों के लिए लिखित प्रतियोगी परीक्षा के पूर्व शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 29 फरवरी, 2024 से प्रारंभ की जानी प्रस्तावित है।

अभ्यर्थी कृपया उक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव